उत्तर प्रदेशअधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकपभवन, तृतीयतल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

संख्या- 16 /03/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2022/01-परीक्षा/2022

लखनऊ : दिनांक : 05 मई, 2022

विज्ञापन संख्या- 01-परीक्षा/2022, राजस्व लेखपाल मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0 प0/2021)/02 के अंतर्गत राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के नियंत्रणाधीन राजस्व लेखपाल के कुल रिक्त 8085 पदों पर चयन हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। इस विज्ञापन के सापेक्ष कुल 1390305 अभ्यर्थियों द्वारा अपने आवेदन पत्र सबमिट किये गये हैं।

आयोग द्वारा प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2021 के अंतर्गत अभ्यर्थियों के वास्तविक (Absolute) स्कोर या नार्मलाइज्ड (Normalised) स्कोर में शून्य या शून्य से कम / नकारात्मक (Negative) स्कोर प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को शार्टलिस्टिंग से पृथक करते हुए नार्मलाइज्ड (Normalised) स्कोर के आधार पर श्रेणीवार 15 गुना (अंतिम कटऑफ अंक प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को सम्मिलित करते हुए) कुल 247667 अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए शार्टलिस्ट कर अर्ह घोषित किया गया। गोपन अनुभाग द्वारा पत्र संख्या-167/गोपन/01/03/2022, दिनांक 05-05-2022 द्वारा संसूचित कटऑफ अंक यथावत प्रकाशित की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि शार्टलिस्ट किये गये अभ्यर्थियों में "जांच के अधीन (U.I.)" 39 अभ्यर्थियों का अभ्यर्थन आयोग के गत निर्णय के अनुसार औपबन्धिक है।

उक्त विज्ञापन के अंतर्गत आवेदन करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे मुख्य परीक्षा हेतु अर्हता सम्बन्धी परिणाम आयोग की वेबसाइट के Homepage के Result Segment पर जाकर अपना व्यक्तिगत विवरण अंकित कर देख सकते हैं।

प्रश्नगत विज्ञापनसे संबन्धित समस्त अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अभ्यर्थी को अनिवार्य रूप से अपनी श्रेणी यथा अनारक्षित व ओ०बी०सी०-200 रू० तथा एस०सी० व एस०टी०-80 रू० के अनुसार ऑनलाइन शुल्क जमा करना होगा।

लिखित परीक्षा हेतु शुल्क जमा करने के लिए अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के Homepage पर उपलब्ध Applicant Segment के अंतर्गत Main Examination Fee Deposition विकल्प पर जाकर अपना Registration Number, D.O.B, Gender, Domicile व Categoryअंकित कर Click Here to Proceed बटन पर क्लिक करेगा, तदनुक्रम में अभ्यर्थी Application Fee Payment Module में वांछित प्रविष्टियां अंकित कर आगे की प्रक्रिया पूर्ण करेगा।

महत्वपूर्ण नोट- शुल्क जमा करने के उपरान्त ही अभ्यर्थी लिखित परीक्षा हेतु अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेगा। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की सूचना अभ्यर्थियों को पृथक से वेबसाइट के माध्यम से यथासमय दी जाएगी।

संलग्नक- यथोपरि।

05/05/2022
(आशुतोष मोहन अग्निहोत्री)
सचिव।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,लखनऊ।
संख्याः– 167 /गोपन/01/03/2022
लखनऊः दिनांक 05 मई, 2022

आयोग के विज्ञापन संख्या–01–परीक्षा/2022, राजस्व लेखपाल मुख्य परीक्षा–(प्रा0अ0प0–2021)/02 के अंतर्गत राजस्व लेखपाल के रिक्त पदों पर चयन हेतु प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET)–2021 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर मुख्य परीक्षा के लिये अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों का कट ऑफ अंकः–

लम्बवत आरक्षण

क्रम सं०	श्रेणी	कटऑफ अंक (PET–2021 का नार्मलाइज्ड स्कोर)
1	अनारक्षित	62.96
2	अनुसूचित जाति	61.80
3	अनुसूचित जनजाति	44.71
4	अन्य पिछड़ा वर्ग	62.96
5	आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए (EWS)	62.96

क्षैतिज आरक्षण

क्रम सं०	श्रेणी	कटऑफ अंक (PET–2021 का नार्मलाइज्ड स्कोर)
1	स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित	49.84
2	विकलांगजन	51.12
3	महिला	64.74
4	सैन्य वियोजित/भूतपूर्व सैनिक	00.91

05/05/2022
(आशुतोष मोहन अग्निहोत्री)
सचिव।